1	2	3	4
1 93-94	-do-	-do-	Sh. D.S. Mukhopadhyay Shri Inderjit Khanna, Secretary UGC.
1994- 95	-do-	Shri P. Thakur, JS, Deptt. of Edu.	Shri P. Thakur JS, Deptt. of Education Shri Inderjit Khanna (for SSH&WAD) Shri Durgadas Gupta Director (Universities) Deptt. of Education Dr. Tilak R. Kem, JS, UGC (for Canadian Studies)

सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे

4942. **श्री नरेश यादव** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में 5 से 14 वर्ष की आयु वर्ग में कितने बच्चे सरकारी प्राथमिक विद्यालयों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा संचालित पब्लिक स्कूलों में अपना नाम दर्ज कराते हैं तथा इस संबंध में अलग-अलग आंकड़े क्या हैं ;

(ख) सरकारी विद्यालयों और पब्लिक स्कूलों में बच्चों की उत्तीर्णता प्रतिशत कितना है ;

(ग) क्या सरकारी विद्यालयों की तुलना में पब्लिक स्कूलों में उत्तीर्णता का प्रतिशत अधिक है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकारी विद्यालयों में उत्तीर्णता का प्रतिशत बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन से सुधारात्मक कदम उठाये जा रहे हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) पांचवे अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, 6 से 14 आयु वर्ग के 96% बच्चे राजकीय विद्यालयों तथा स्थानीय निकायों एंव पंचायत राज संस्थानों द्वारा संचालित विद्यालयों में नामांकित थे तथा लगभग 4% बच्चे निजी गैर सहायता प्राप्त संस्थानों द्वारा संचालित विद्यालयों में नामांकित थे ।

(ख) से (घ) कक्षा V तथा VIII स्तर पर कई राज्यों में सार्वजनिक परीक्षायें आयोजित नहीं की जाती हैं । अतः तुलनात्मक स्थिति अथवा किसी निष्कर्ष पर पहुंचना संभव नहीं है । वस्तुतः एक राज्य में कराये गये नमूना अध्ययन के अनुसार सरकारी विद्यालयों की उपलब्धियां, निजी गैर सहायता प्राप्त स्कूलों की तुलना में काफी बेहतर पाई गई ।

केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा दिए गए अनुदान

4943. **श्री अजीत जोगी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड द्वारा स्वीकृत अनुदान की 50 प्रतिशत शेष राशि कितने स्वयंसेवी संगठनों को नहीं मिलती है;

(ख) राशि को जारी करने में विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(ग) सरकार के पास वितरण हेतु कुल कितनी धनराशि पड़ी है ; और

(घ) सरकार द्वारा इन संगठनों को शेष धनराशि अविलम्ब जारी करने के लिये क्या कार्रवाई की गई?